PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJANA

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
## पी0एम0जी0एस0वाई, कालसी

Email:- eepmgsykalsi@rediffmail.com
Tel:- 01360-275015

पत्र सं0 : 1091 / 22सी / पी0एम0जी0एस0वाई0 / 2017–18 दिनांक : 11 / 08 / 2017

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
चकराता वन प्रभाग, चकराता,
देहरादून, उत्तराखण्ड।

विषयः– **जनपद देहरादून में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित चकराता–लाखामण्डल (गोराघाटी) मोटर मार्ग से रंगेऊ मोटर मार्ग निर्माण हेतु 1.7360 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।**

संदर्भः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, संरक्षण के पत्रांक सं0 482/FP/UK/ROAD/27520/2017 दिनांक 10.08.2017 |

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित नोडल अधिकारी के पत्र जिसकी एक प्रति आपको इस आशय से प्रेषित की गई है कि कमियों का निराकरण कर पूर्ण एवं त्रुटिरहित प्रस्ताव शीघ्रातिशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की वांछना की गई है। नोडल अधिकारी द्वारा दिनांक 10.08.2017 को लगाई गई आपत्तियों का निराकरण अधोलिखित सारिणी के अनुसार प्रेषित किया जा रहा है।

| कम सं0 | आपत्तियां | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | कृपया प्रस्ताव की मूल प्रतियों एवं 1 सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध करायी जाये। | संलग्न कर दिया गया है। |
| 2 | ऑन लाईन वेब पोर्टल से Form-A के Part-I से Part-III तक प्रपत्रों को Download कर Part-I में हस्ताक्षर कर प्रस्ताव में संलग्न किये जाने हैं। | हस्ताक्षरित Form-A को Part-I में संलग्न कर दिया गया है तथा Part-II डी0एफ0ओ0 स्तर से तथा Part-III सी0एफ0 स्तर से भरा जाना है। |
| 3 | परियोजना में बांज प्रजाति के वृक्षों का पातन निहित होने के कारण वन संरक्षक के स्थल निरीक्षण आख्या प्रस्ताव में संलग्न की जाये। | प्रस्ताव को ऑनलाईन सी0एफ0 महोदय को प्रेषित करने के पश्चात् उनके द्वारा निरीक्षण आख्या ऑनलाईन Upload की जायेगी। |

अतः उपरोक्तानुसार प्रस्ताव तथा मानचित्रों की Soft Copy सीडी (जिसमें के0एम0एल0 फाईल) संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नकः– 1. प्रस्ताव तीन प्रतियों में (दो मूल एवं एक सत्यापित)
2. सी0डी0 (के0एम0एल0 फाईल सहित) दो प्रतियों में ।

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई, निर्माण खण्ड,
लो0नि0वि0, कालसी

पत्र सं0 : 1091 / 22सी / पी0एम0जी0एस0वाई0 / 2017–18 दिनांक : 11 / 08 / 2017

प्रतिलिपिः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षक, इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून को उनके पत्र 482/FP/UK/ROAD/27520/2017 दिनांक 10.08.2017 के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई, निर्माण खण्ड,
लो0नि0वि0, कालसी